भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 3209

जिसका उत्तर 12.03.2020 को दिया जाना है

चंडीगढ़-खरार परियोजना

3209. श्री मनीश तिवारीः

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) एनएचएआई द्वारा कार्यान्वित की जा रही चंडीगढ़-खरार राजमार्ग/एलिवेटेड रोड परियोजना की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) इस परियोजना की मार्ग-लंबाई और लागत संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) परियोजना के पूरा होने के लिए निर्धारित समय-सीमा क्या है;

(घ) उस एलिवेटेड सड़क/फ्लाईओवर की वर्तमान स्थिति क्या है जो कि पंजाब के खरार शहर से होकर गुजरेगा और इसके पूरा होने के लिए निर्धारित समय-सीमा क्या है; और

(ङ) उक्त परियोजनाओं के चूककर्ता ठेकेदारों के खिलाफ एनएचएआई द्वारा क्या कार्रवाई की गई है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ङ): चंडीगढ़-खरार हाईवे/एलिवेटेड रोड परियोजना, जिसमें खरार शहर शामिल है, शुरू किया गया है और परियोजना की वास्तविक रूप से प्रगति 72% है। परियोजना की लंबाई 10.630 किलोमीटर है जिसकी परियोजना लागत लगभग 368.50 करोड़ रु. है। परियोजना को पूरा करने की निर्धारित तिथि 31.08.2020 है। परियोजना में देरी मुख्यतः भूमि अधिग्रहण में विलंब और उपयोगिताओं के स्थानांतरण में देरी के कारण है। परियोजना से संबंधित अधिकांश मुद्दों का समाधान कर लिया गया है।

******